**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**20.08.2025 / 11.00 बजे**

**मानसून सत्र**

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज तीसरा दिन है। सत्र की कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, नगर व ग्राम योजना मंत्री राजेश धर्माणी विभिन्न दस्तावेजों की एक–एक प्रति सभा पटल पर रखेंगे। नियम–62 के तहत विधानसभा सदस्य डॉ. जनक राज और इंद्र दत्त लखनपाल अपने–अपने विषयों पर उत्पन्न स्थिति के बारे में सदन का ध्यान आकर्षित करेंगे। सदन में नियम–67 के तहत प्रस्तुत स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा जारी रहेगी।

**ऑनलाइन सटटेबाजी**

ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन के लिए एक विधेयक को आज संसद में पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ऑनलाइन गेमिंग बिल को मंजूरी दे दी है जिसके तहत अब ऑनलाइन सटटेबाजी दंडनीय अपराध मानी जाएगी और उसमें सजा का प्रावधान भी होगा। सरकार द्वारा ये कदम हाल ही के महीनों में बढ़ते ऑनलाइन धोखाधड़ी मामलों के बाद उठाया गया है।

**मौसम**

प्रदेश के कुछ जिलों में आज भी मानसून की वर्षा का कम रूक रूककर जारी है। कुल्लू जिला में पीज की पहाड़ी पर आज तड़के करीब साढ़े तीन बजे बादल फटने की घटना हुई जिसके चलते शहर के शास्त्री नगर में बहने वाले नाले में भारी पत्थर व मलबा आने से करीब 4 वाहनों को नुक्सान पहुंचा है। हालांकि किसी तरह के जानी नुकसान की कोई सूचना नहीं है। मौसम की स्थिति को देखते हुए मनाली उपमंडल में आज सभी शिक्षण संस्थान बंद रखने के निर्देश जारी किए गए है। इधर बांधों में बढ़ रहे जल स्तर को देखते हुए नियमित तौर पर यहां से पानी छोड़ा जा रहा है और लोगों को एहतियात बरतने की सलाह भी दी गई है। कांगड़ा जिला के पौंग बांध से आज सुबह 9 बजे तक करीब 63 हजार 8 सौ 82 क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका है जिसके चलते ब्यास नदी का जल स्तर बढ़ गया है। स्थिति को देखते हुए फतेहपुर व इंदौरा उपमंडल के मंड क्षेत्रों में लोगों से अलर्ट रहने के साथ राहत कैंपों में शरण लेने का स्थानीय प्रशासन ने आग्रह किया है। इधर ऊना जिला के गगरेट और अंब उपमंडल में मौसम की स्थिति को देखते हुए सभी शिक्षण संस्थान बंद रखने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में वर्षा जनित घटनाओं में अब तक 2 सौ 76 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

**मौसम 2**

इसके अलावा 3 राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 3 सौ 59 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। जबकि 5 सौ 50 बिजली ट्रांसफार्मर व 132 पेयजल योजनाएं ठप्प पड़ी हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, चंबा, मंडी, कुल्लू, लाहौल स्पीति जिलों में मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

विभिन्न संवाददाता

**<u>राजीव गांधी जयंती</u>**

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती को आज देशभर में सदभावना दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। राजीव गांधी की 81वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित मंत्रिमंडल के सदस्य व अन्य नेताओं ने राजधानी के छोटा शिमला स्थित सदभावना चौक में पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धाजंलि दी।

**<u>दृष्टि बाधित</u>**

प्रदेश दृष्टिहीन संगठन ने अपनी मांगों को लेकर बीते कल शिमला में धरना प्रदर्शन किया। संगठन के अध्यक्ष शोभू राम ने बताया कि दृष्टिहीन लंबे समय से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि 1995 से लंबित पड़ी बैकलॉग नियुक्तियां जल्द पूरी की जाएं। उन्होंने अन्य मांगों पर भी अपनी बात रखी।

*वैसे तो बैकलॉग की डिमांड है हमारी मेन कोई ऐसी व्यवस्था नहीं है जिसके लिए सरकार को विशेष बजट का प्रावधान करना है ये सारी की सारी बैकलॉग वैकेंसी होती है सैंक्शन होती हैं ऑलरेडी। चार पांच डिमांड मेन है जैसे जो हिम बस कार्ड योजना लागू की है हम कह रहे हैं अभी इसको तुरंत प्रभाव से वापस करे सरकार।*

योगराज

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।